## संक्षिप्त

### वार्षिक उत्सव में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज के आशीर्वाद से बिचला जैन मंदिर के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में सामुहिक कलशाभिषेक आयोजित किया गया जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि जैन धर्म में भाद्रपद माह का पर्युषण दशलक्षण महापर्व के समापन के बाद दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र नला में वार्षिकोत्सव के दौरान भगवान नेमीनाथ का सामुहिक कलशाभिषेक किया गया। राकेश संघी ने बताया कि वार्षिक उत्सव पर आयोजित कलशाभिषेक कार्यक्रम में भगवान की रजतमयी माला पहनने का सोभाग्य समाजसेवी बाबूलाल जैन सेठी टोंक एवं बिट्टू जैन, सीमा जैन रजवास बाकलीवाल परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि सामुहिक वार्षिक उत्सव कलशाभिषेक कार्यक्रम का ध्वजारोहण हेमचंद, हर्षित कुमार संघी को सौभाग्य प्राप्त हुआ। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में श्रद्धालुओं द्वारा चौसठ रिद्धि मण्डल विधान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात भगवान नेमीनाथ की विशेष महाआरती की गई।

### दो ट्रैक्टर-ट्रॉलिया जब्त

**निवाई।** सदर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग जगह से अवैध बजरी से भरे हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि अवैध बजरी परिवहन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की टीमों ने गांव लोदेडा व जगतपुरा के पास से अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने एमएमडी एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सदर पुलिस थाने मे सुरक्षार्थ खडा करवा दिया है।

### समाज सुधार के पहलुओं पर चर्चा

**दौसा।** सोमनाथ नगर में रविवार को मीन भगवान सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता इंद कुमार मीना ने की। इस बैठक में मुख्य रूप से मीन भगवान मंदिर की साफ-सफाई और समाज सुधार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। समिति ने मंदिर के निर्माण को लेकर भी गहन विचार-विमर्श किया, जिससे मंदिर का विकास और धार्मिक महत्व को बढ़ावा मिले। मीन भगवान सेवा समिति के सचिव, सियाराम सत्तावन ने बताया कि इस बैठक में समाज के प्रतिष्ठित भामाशाह केदार प्रसाद मीना, शम्भू दयाल मीना, रामजीलाल लाल सूरजपुरा, सीताराम, रमसी, रामनिवास, और फूलसिंह जैसी प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं।

### ट्रेलर से टायर, रिम चोरी

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने ट्रेलर से टायर, रिम व डीजल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करते हुये चोरी किया गया माल बरामद करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 24 सितम्बर को ग्राम खुर्दी निवासी परिवादी महेन्द्र कुमार गुर्जर ने थाने पर उपस्थित होकर दर्ज करवाया था कि 16 सितम्बर को राजमार्ग पर बुढी के होटल के पास खड़े ट्रेलर नं. आर जे 32 जी सी 3297 से चालक मनोज कुमार टायर, रिम व ट्रेलर में भरा डीजल चोरी करके ले गया।

### कैदियों को प्रशिक्षित किया

**दौसा।** रोटरी क्लब और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट ने रविवार को जिला कारागार में एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें कैदियों को तनाव प्रबंधन से निपटने के तरीकों पर प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 170 कैदियों ने भाग लिया और लाफ्टर थेरेपिस्ट तथा हैप्पीनेस गुरु दिनेश चन्द्र शर्मा ने उन्हें मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया।

दिनेश चन्द्र शर्मा ने अपनी लाफ्टर थेरेपी के माध्यम से बंदियों को "101 तरीके से हंसना" सिखाया और कहा कि समस्या पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय समाधान पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह भी सलाह दी कि उन चीजों पर अधिक ध्यान न दें जिन पर उनका नियंत्रण नहीं है, और उन्हें ईश्वर के प्रति छोड़ दें। शर्मा ने भावनाओं को खुलकर और सम्मानजनक तरीके से व्यक्त करने, गहरी सांस लेने, पेट से सांस लेने, और शारीरिक रूप से सक्रिय रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि घूमना और व्यायाम करना मूड को बेहतर बनाने में मदद करता है। पर्याप्त नींद लेना और सकारात्मक रहना भी महत्वपूर्ण है। अपने दिन या जीवन के अच्छे हिस्सों को स्वीकार करें और ईश्वर का ध्यान करें।"

# 'दौसा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं रहेगी'

**दौसा।** विधानसभा क्षेत्र दौसा में सड़कों की वर्तमान स्थिति अत्यंत दयनीय और जीर्ण शीर्ण है। सड़कों के मरम्मतीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व उपमुख्यमंत्री वित्त मन्त्री दिया कुमारी से विधानसभा क्षेत्र दौसा में सड़कों के विकास हेतु मांग किये जाने पर लगभग 38 करोड़ सड़क विकास कार्य हेतु स्वीकृत किये है। इसमें मिसिंग लिंक, सड़क मरम्मतीकरण, सुदृढ़ीकरण व डामरीकरण के कार्य कराए जाएंगे। इन्ही कार्यों के शुभारम्भ व भूमिपूजन अंतर्गत आज पूर्व विधायक शंकल लाल शर्मा विधानसभा क्षेत्र दौसा के खानभांकरी, सिन्डोली, बडोली व महेश्वरा कला ग्ररम पंचायतों के दौरे पर रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में खानभांकरी ग्राम पंचायत के ग्राम भांकरोटा में पहुंचकर वाटिका सड़क से भाँकरोटा तक सड़क डामरीकरण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यकर्ताओं व आमजन को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक शंकर शर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा दौसा विधानसभा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नही रहेगी। सरकार के स्तर पर जो



पूर्व विधायक शंकर शर्मा ने दौरे के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी।

भी मांग दौसा के किये रखी जा रही है उनकी स्वीकृति भी प्राथमिकता से हो रही है। हर ग्राम, हर ग्राम पंचायत, हर पंचायत समिति में विकास के कार्य बिना किसी भेदभाव के कराए जाएंगे इसके लिए भाजपा सरकार कृतसंकल्पित है। इस अवसर पर सरपँच भांकरी, दशरथ सिंह विशनपुरा, मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जय प्रकाश जैमन, भूपेंद्र सिंह राजावत सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे। सड़कों के शुभारम्भ कार्यक्रम के अंतर्गत सिन्डोली, बडोली एवं महेश्वरा कला में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## राजनीति में अटका उप जिला अस्पताल का नवीन भवन

**खाटूश्यामजी।** विश्व विख्यात खाटूधाम में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने उप जिला अस्पताल बनाने की घोषणा की थी। उप जिला अस्पताल के भवन निर्माण के लिए 16 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति भी हो गई थी।यहां तक की जिस दिन विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगी उसी दिन कांग्रेस के उत्साही कार्यकर्ताओं ने सांवलपुरा रोड़ पर स्थित भूमि पर अस्पताल के नवनिर्माण का भूमि पूजन भी कर दिया था। लेकिन विधानसभा चुनाव हुए और सरकार भाजपा की आ गई। हालांकि दांता रामगढ़ क्षेत्र विधायक कांग्रेस के वीरेंद्र सिंह जीत गये लेकिन भाजपा से विधानसभा प्रत्याशी रहे गजानंद कुमावत ने अस्पताल के स्थान को लेकर उच्च अधिकारियों से लेकर चिकित्सा मंत्री तक विरोध दर्ज करा दिया।वहीं क्षेत्रीय विधायक ने पूर्व में निर्धारित स्थान,जो गोचर भूमि थी,उसको अस्पताल के लिए आवंटित करा दिया गया।

## पदयात्रा रवाना हुई

**सिरस।** चौथ माता पदयात्रा संघ नला के तत्वावधान में रविवार को चौथ माता मंदिर चौथ का बरवाड़ा के लिए पदयात्रा रवाना हुई। पद यात्रा संघ के विकास बैरवा व बनवारीलाल बैरवा ने बताया कि पदयात्रियों ने सुबह 9 बजे रामदेव जी के मंदिर में पूजा अर्चना व ध्वज पूजन किया। ध्वज पूजन के बाद पदयात्रा गांव के मुख्य रास्तों से होती हुई रवाना हुई। पदयात्रा में म्हारी माता जी ने सोहे गुलाब गजरो, उचा पर्वत पर थारो देवरो हमारी चौथ भवानी मां सहित अन्य भजनों पर पदयात्री नाचते गाते चल रहे थे। पदयात्रा नाका चौकी, सिरस स्टेशन, मेहतापुरा, शिवाड, सिरस व पांवडेरा होते हुए चौथ माता मंदिर चौथ का बरवाड़ा पहुंचेगी। पदयात्रा में राकेश, भवानी शंकर, विजेंद्र, प्रभु दयाल, मनोज, रंजीत, नरेश, गोविंद, चंद्र प्रकाश, कैलाश, छोटू, मनीष व धारासिंह बैरवा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# शीतला माता पदयात्रा हुई रवाना



शीतला माता पदयात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**निवाई।** गांव पलेई में बालाजी के मंदिर से शीतला माता चाकसू के लिए पदयात्रा रवाना हुई। श्रीराम शर्मा ने बताया कि शीतला माता तृतीय विशाल पदयात्रा पलेई रीको के बालाजी के मंदिर से किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान व जिला महामंत्री शंकर लाल मीणा पलेई ने विधिवत पूजा अर्चना करके रवाना किया। पदयात्रा में सैकड़ो श्रद्धालु डीजे के भजनों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। पदयात्रियों का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने प्रसादी वितरित करके स्वागत किया। पदयात्री शीतला माता मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन करके ध्वज चढ़ाएंगे। पदयात्रा में नरेंद्र जांगिड़, हरिनारायण शर्मा, केदार जोगी, प्यार सिंह, महेंद्र शर्मा, कमल मीणा, रवि मीणा, सुदामा प्रजापत, हेमराज गंगवाल, धर्मचंद बैरवा, नरेंद्र व सियाराम जाट सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## प्रशिक्षण आयोजित

**दौसा।** विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत माइक्रो ऑब्जर्वर्स का प्रथम प्रशिक्षण रविवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दौसा के पीजी ब्लॉक में आयोजित किया गया।

अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर लालसोट एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी मनमोहन मीना ने कहा कि सभी माइक्रो ऑब्जर्वर्स प्रशिक्षण को गहनता से प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि होम वोटिंग के दौरान प्रपत्र 13 ए का प्रमाणीकरण विधिवत रूप से हो, इसकी निगरानी रखें, ताकि प्रपत्र प्रमाणीकरण में गलती के कारण कोई मत रिजेक्ट नहीं हो। प्रपत्र पर प्रमाणितकर्ता के हस्ताक्षर के साथ पदनाम भी लिखा हो, यह सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में आप सभी पूरी चुनावी प्रक्रिया को भली-भाँति समझें और बारीकी से निगरानी रखें। ज़िला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया को पीपीटी प्रजेण्टेशन के माध्यम से समझाया गया।

# खाद-बीज गोदाम का सघन निरीक्षण

**दौसा।** संयुक्त निदेशक कृषि(विस्तार) दौसा डॉ प्रदीप अग्रवाल के निर्देश पर रविवार को सहायक निदेशक कृषि (मुख्यालय) दौसा सुरज्ञान सिंह गुर्जर, कृषि अधिकारी दौसा अशोक कुमार मीणा, सहायक कृषि अधिकारी मंडावर भीम सिंह मीणा ने मंडावर में खाद-बीज के विक्रय परिसरों एवं गोदाम का सघन निरीक्षण कर विक्रेताओं को क्षेत्र के किसानों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध करवाने के आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

रिकॉर्ड संधारण में कमी मिलने पर 2 विक्रेताओं को नोटिस जारी कर रिकॉर्ड पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए गए। मीना ने किसानों को डीएपी उर्वरक के स्थान पर एसएसपी एवं यूरिया उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी। किसान बुवाई के समय डीएपी के विकल्प के रूप में 1 बैग डीएपी के स्थान पर 3 बैग सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) व 1 बैग यूरिया का उपयोग करें। सिंगल सुपर फास्फेट में उपलब्ध फास्फोरस तत्व के अलावा अन्य आवश्यक पोषक तत्व यथा- सल्फर, जिंक सल्फेट, बोरोन आदि पोषक तत्व भी उपलब्ध होते हैं। किसान डीएपी के स्थान पर एसएसपी यूरिया के अलावा कॉम्प्लेक्स उर्वरक के विभिन्न ठोडस यथा -12:32:16, 20:20:0:13, 19:19: 19, 16:16:16, 15:15:15 आदि का उपयोग करना चाहिए।

## राम विवाह में उमडा जन सैलाब

**निवाई।** प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में रविवार को जागृति रंगमंच के कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता को वनवास जाने के संवाद का मंचन किया गया। जिसको देखकर दर्शक भावुक हो गए। मंच के पवन शर्मा व पार्षद नितिन छाबडा ने बताया कि दशहरे मेला महोत्सव पर आयोजित रामलीला में भगवान श्रीराम विवाह, राम सीता का पाणिठाहण संस्कार, कन्यादान, मंथरा कैकई संवाद, दशरथ कैकई संवाद एवं भगवान श्रीरामए लक्ष्मण व माता सीता को वनवास जाने के संवाद का मंचन किया गया।

# नैतिकवीर यादव ने कांस्य पदक जीता

**पावटा।** कस्बा क्षेत्र के भौनावास की ढाणी मान्या वाली निवासी नैतिकवीर यादव ने 14 वर्षीय राज्य स्तरीय स्कूली टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में पाली के डेनियल को 3-0 से हराकर कांस्य पदक जीतकर नेशनल के लिए क्वालीफाई करके क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

गौरतलब है कि नैतिकवीर ने टीम स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता है तथा व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता पूर्व विधायक प्रत्याशी विराटनगर भाजपा नेता विक्रम यादव पुरुषार्थी व पूर्व भाजपा डेलीगेट लाडाकाबास अंजू यादव को दिया है।

नैतिकवीर की जीत के लिए उनके चीफ कोच कृष्ण चौधरी व कमल महावर तथा सहायक कोच नेमीचंद व राहुल महावर ने नैतिकवीर को नेशनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए लिए अठिाम शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान नैतिकवीर ने बताया कि चीफ कोच कृष्ण चौधरी सर के कठोर परिश्रम व खेलनिष्ठा से ही मुझे सफलता मिली है तथा कमल महावर सर की तकनीक से जीत और आसान हो गयी। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने नैतिकवीर यादव को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## शिविर 25 से 28 अक्टूबर तक

**दौसा।** दौसा में रविवार को संस्कृत भारती के कार्यकर्ताओं की एक बैठक योगोत्कर्ष संस्थान में आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख विषय आवासीय भाषा बोधन वर्ग शिविर की तैयारियों पर चर्चा की गई। संस्कृत भारती के विभाग सहसंयोजक लोकेश शर्मा ने जानकारी दी कि यह शिविर 25 से 28 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा

# राम बारात में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** नगरपालिका के तत्वावधान में आयोजित रामलीला महोत्सव को लेकर रविवार को भव्य राम बारात निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि राम बारात गणगौरी बाजार में स्थित कंकाली माताजी के मंदिर से पूजा अर्चना के बाद रवाना हुई। राम बारात में चार घोडियों पर भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघन सवार होकर चल रहे थे। जिनके दर्शनों के लिए राहगीरों एवं लोगों की भीड़ लग गई। उन्होंने बताया कि राम बारात में एक बग्गी में सवार होकर विश्वामित्र अपनी मण्डली के साथ चल रहे थे। हनुमानजी महाराज अपनी वानर सेना के साथ पैदल चल रहे थे जिनके साथ युवाओं ने जमकर सेल्फी खींची। इस दौरान सैकडों युवक-युवतियां एवं महिला पुरूष डीजे के मधुर भजनों पर जमकर भक्ति नृत्य करते हुए चल रहे थे। राम बारात का शहरवासियों ने जगह जगह पर पुष्प वर्षा करके एवं आरती उतारकर स्वागत किया। राम बारात के आगे-आगे युवा भव्य आतिशबाजी करते हुए चल रहे थे। आतिशबाजी से आसमान बहुरंगिए रंगों से जगमग हो गया। इस दौरान भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

## गरबा नृत्य का आयोजन

**दौसा।** आज पंडित नवल किशोर शर्मा इंग्लिश मीडियम स्कूल दलेलपुरा में नवरात्रि के उपलक्ष में गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों व शिक्षक, शिक्षिकाओं ने जमकर डांडिया खेला। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. पूनम शर्मा ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा के चित्र के समक्ष माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर की गई।

# आरएसएस स्वयं सेवकों ने निकाला पथ संचलन

**मालपुरा** (निस) राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ खण्ड मालपुरा की और से विजयदशमी उत्सव की श्रंखला मे रविवार को खण्ड केन्द्र लाम्बाहरिसिंह मे शस्त्र पूजन कर राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के स्वंय सेवको ने घोष की स्वर लहरियो के साथ कदम से कदम मिलाते निकाला पथ संचलन। दशहरा मैदान मे स्वंय सेवको का एकत्रितकरण हुआ। भगवा ध्वज पहरा नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे के साथ ध्वज के समक्ष की गई प्रार्थना। इस अवसर पर संघ के विभाग सेवा प्रमुख सुरेश स्वामी व खण्ड संचालक प्रहलाद शर्मा ने संघ संस्थापक व मार्गदर्शक गुरूजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल्लित कर शस्त्र पूजन किया। अपने उदबोधन मे संघ की गतिविधियो पर विस्तार से जानकारी दे विजयदशमी उत्सव पर सभी खण्डो मे निकाले जाने वाले पथ संचलन का उदेश्य बताया। लाम्बाहरिसिंह कस्बे के सैंकडो स्वंय सेवको ने संघ की पूर्ण गणवेश पहने हाथ मे भूज दण्ड लिये संघ घोष के



लाम्बाहरिसिंह कस्बे मे आरएसस स्वंय सेवको ने शस्त्र पूजन कर निकाला पथ संचलन ।

साथ शुरू हुआ संचलन। कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुये गुजरा मार्ग मे जगह-जगह स्वंय सेवको पर पुष्प वर्षा की गई। अग्रवाहिनी के पीछे ध्वज वाहिनी, शस्त्र वाहिनी,प्रोढ वाहिनी,बाल वाहिनी सहित क दर्जन से अधिक वाहिनियो मे कदम से कदम मिलाते सीना तान निकले स्वंय सेवको व भगवाध्वज पर पुष्प वर्षा करते हुये लोगो ने जमकर जयघोष लगाया। मार्ग मे कस्बेवासियो द्वारा जगह-जगह रंगोलियां सजाई गई जो मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर कोशल कुमार,रामजीलाल राजपुरा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहै।

## उपचुनाव की रणनीतियों पर चर्चा

**दौसा।** कालोता बगीची में रविवार को भाजपा कुंडल मंडल की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें आगामी उपचुनाव की रणनीतियों पर चर्चा की गई। इस बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री अजीत मांडण और विशिष्ट अतिथि दौसा विधानसभा प्रवासी प्रभारी विकास शर्मा थे। बैठक की अध्यक्षता रामप्रसाद गुर्जर ने की। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश मंत्री और अन्य प्रमुख अतिथियों का माला और दुपट्टा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

प्रदेश मंत्री अजीत मांडण ने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि पार्टी संगठन को मजबूती देने के लिए हर बूथ पर सक्रियता बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर को 501 नए सदस्य बनाए जाने के लिए बधाई दी, जिस पर सभी कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया और अपने-अपने सदस्यता लक्ष्यों को पूरा करने का संकल्प लिया। इस बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

## सार-समाचार

### शस्त्र पूजन किया

**दौसा।** नवरात्र के पावन अवसर पर नगर की मातृशक्ति की ओर से शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें मां दुर्गावती और अहिल्याबाई होलकर के जीवन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम नई मंडी रोड स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित हुआ, जहां मातृशक्ति ने शस्त्र पूजन के साथ सत्संग भी किया । इस अवसर पर निर्मला शर्मा ने सनातन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला, वहीं व्याख्याता कमल मिश्रा ने अहिल्याबाई होलकर और मां दुर्गावती के वीरतापूर्ण जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। सत्संग के दौरान हेमलता ने कार्यक्रम का संचालन किया और नगर मातृशक्ति संयोजक चित्रा शर्मा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। जिला संयोजक सरोज जाखड़ ने बताया कि दौसा नगर की मातृशक्ति ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा। विभाग मंत्री परमानंद शर्मा ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा मंदिर की श्यामा देवी ने की, जिन्होंने सभी का अभिवादन किया और कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री विष्णु गौतम, जिला सह मंत्री रोहित डंगायच, नगर मंत्री देवत्रय पाठक और नगर सत्संग प्रमुख दीपक बोहरा समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

### प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**दौसा।** दौसा के बंशीवाल पार्क, इंद्रा कॉलोनी में रविवार को सर्व समाज का जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 300 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य जिले की उन प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना था, जिन्होंने शैक्षिणक, खेलकूद और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है । आयोजन समिति के सदस्य आर. के. वर्मा ने बताया कि सत्र 2023-24 में 10वीं और 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, नीट, जेईई, आईआईटी, और /// में चयनित अभ्यर्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, राज्य स्तर पर गोल्ड और सिल्वर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों, और सामाजिक व पर्यावरण क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुरुषों और महिलाओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से कैलाश गोठड़ा, पूर्व पालिकाध्यक्ष पुष्पा घोसी और आयोजन समिति के सदस्य अशोक जोनवाल उपस्थित थे। समिति के सदस्य रोहित डंगायच ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी और समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को एक नई पहचान मिलेगी।

### राम ने किया ताडका का वध

**मालपुरा** (निस) । दशहरा महोत्सव व रामलीला आयोजन समिति एवं नगरपालिका मंडल के तत्वाधान मे महेश सेवा सदन मे आयोजित भव्य रामलीला के तीसरे दिन सनातन धर्म व ऋषि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा के लिये भगवान राम द्वारा अश्व ताडका का वध किये जाने सहित अनेक दृश्यो का मंचन किया गया। व्यासपीठ पर सुशोभित भगवत किशोर शर्मा के मार्गदर्शन मे विश्व प्रसिद्ध कलाकारो द्वारा भगवान राम की लीलाओं मे शामिल ऋषि विश्वामित्र का अयोध्या मे आगमन,राजा दशरथ से वचन ले यज्ञ की रक्षा के लिये राम व लक्ष्मण को साथ ले जाने वन मे मारिच को समुद्र पार भेजने, ताडका का वध करने,गौतम ऋषि के श्राप से पत्थर की सीला बनी,पत्नि अहिल्या का उदधार करने जैसे अनेक दृश्यो का सुन्दर मंचन किया गया। जिन्है देख मौजूद सनातन धर्म प्रेमी की जमकर तालियां बटोरी। आयोजन समिति की और से लीला मे ठाकुरजी की आरती का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सनातनियों का स्वागत सम्मान किया गया। देर रात तक चली रामलीला मे मालपुरा शहर सहित आसपास के गांव-ढाणियो से भी बडी संख्या मे लोगो का हुजुम उमड पडा।

### डॉ. बैरवा की छवि बिगाड़ने की निंदा

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक ने उपमुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा की छवि को सोशल मीडिया पर झूठी पोस्ट चलाकर व चलवाकर चरित्र हनन करने की कुटिल चाल पर कडा आक्रोश प्रकट किया है तथा इसकी कडे शब्दों में निंदा की है। संगठन के प्रदेश संयोजक प्रो. रमेश बैरवा ने कहा है कि सोशल मीडिया के जरिए डॉ.प्रेमचंद बैरवा की छवि बिगाड़ने का यह निंदनीय कृत्य असल में दलित विरोधी मानसिकता के एवं अवसरवादी तत्व कर रहे हैं। डॉ.प्रेमचंद बैरवा का डिप्टी सीएम एवं उच्च शिक्षा मंत्री बनना इन्हें शुरू से ही रास नहीं आया है। यहां तक कि डॉ.प्रेमचंद बैरवा को भी भेदभाव सहना पड़ा है। नाना किस्म के दबावों के बीच संघर्ष कर डॉ.प्रेमचंद बैरवा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में में भी अच्छा कार्य कर रहे हैं। वंचित तबको के शिक्षकों के प्रति संवेदनशील है। वैचारिक दुर्भावना से कॉलेज शिक्षकों का ट्रांसफर करने से बचते हैं। कॉलेजों की विशेषकर राजसेस के अधीन संचालित कॉलेजों की स्थिति सुधारने के लिए प्रयासरत है। रुक्टा डेमोक्रेटिक डॉ.प्रेमचंद बैरवा के साथ है।

### अवैध नल कनेक्शनों पर कार्रवाई

**निवाई।** जलदाय विभाग की ओर से शहर सहित ठाामीण क्षेत्र में 7 अक्टूबर से अवैध नल कनेक्शनों के विरूद्ध अभियान चलाया जाएगा। विभाग के सहायक अभियंता नितिन जैन ने बताया कि शहर सहित ठाामीण क्षेत्र में 7 अक्टूबर से अवैध नल कनेक्शनों के विरूद्ध अभियान चलाया जाएगा। जिसको लेकर अवैध नल कनेक्शनों व बकाया बिलों के कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अवैध नल कनेक्शन विच्छेद करने के बाद संबन्धित व्यक्तियों पर पुलिस थाने में मुकदमे दर्ज करवाया जाएगा।

### डांडिया रास किया

**निवाई।** भगवानदास पारीक ड्रीम स्कूल में डांडिया रास का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशक यशवंत पारीक व शचि पारीक ने बताया कि डांडिया कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गा की आरती के साथ हुआ। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ डांडिया रास किया। इस दौरान बेस्ट ड्रेस गर्ल व ब्वॉय तथा बेस्ट गरबा नृत्य का चयन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राजोरा व राजकुमार पारीक सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

### रघुनंदन बैरवा बने अध्यक्ष

**निवाई।** गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड निवाई के पंचवर्षीय चुनाव निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह, विष्णु कुमार जांगिड़ व बुंदु खान की देखरेख में फूटी बावडी वार्ड नम्बर 11 कार्यालय पर संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि समिति के अध्यक्ष पद पर रघुनंदन बैरवा व मंत्री के पद पर रमेशकुमार को निर्विरोध चुना गया। इस दौरान कोषाध्यक्ष राजूलाल, उपाध्यक्ष लच्छुराम व सदस्य के रूप में गोपाललाल, रतनलाल, कजोड़, जितेंद्र, पौरूष कुमार, रजनी देवी व प्रेम देवी को मनोनीत किया गया। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष रघुनंदन बैरवा व कार्यकारणी को माला, साफा बंधवाकर सम्मानित किया गया।

### सम्मेलन में दिया परिचय

**मालपुरा** (निस)। अग्रवाल समाज चौरासी के तत्वाधान मे अग्र सेवाकर्मी संघ ब्लॉक मालपुरा द्वारा रविवार को अग्रवाल सेवा सदन डिग्गी मे परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। समाज के परिचय सम्मेलन के लिये 14० युवक-युवतियों ने अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करवाया। जिसमे से आज आयोजित परिचय सम्मेलन मे 1०5 युवक-युवतियों ने समाज के मंच पर दिया अपना परिचय। अग्रवाल समाज चौरासी अध्यक्ष अनिल कुमार सुराशाही ने बताया कि वर्तमान मे बदलते सामाजिक परिदृश्य मे परिचय सम्मेलन का विशेष महत्व है। इसी को ध्यान मे रखते हुये आज यह सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसके लिये अग्र सेवाकर्मी संघ धन्यवाद का पात्र है। विनोद कुमार नेवटा ने समय-समय पर ऐसे आयोजन होने पर जोर दिया। कार्यक्रम संयोजक राकेश जैन बघेरा वाले ने बताया कि कार्यक्रम मे प्रदेशभर से पहुंचे युवक-युवतियों के साथ उनके परिजन भी मौजूद रहै।

### घर-घर पीले चावल बांटने का निर्णय

**कोटपूतली।** अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला कोटपूतली-बहरोड़ की गोष्ठी का आयोजन रविवार को शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता व उनकी सहयोगी टोली की मौजूदगी में हुआ। आगामी 06 नवंबर को 14 ज्योति शक्ति कलशों को राजस्थान के समस्त क्षेत्रों के लिये रवाना किया जायेगा। जिसकी बसंत पंचमी 2026 अखंड दीपक के 100 वर्ष एवं माता भगवती देवी के प्रयाण दिवस पर एक विशाल कार्यक्रम के आयोजन में पूर्णाहुति दी जायेगी। जिसमें सभी घरों में गायत्री परिवार के परिजन एवं बहने निमंत्रण हेतु पीले अक्षत वितरित करेगें।